उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी..

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-8)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 25 मार्च, 2024

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



बी.पी. साहू -संपादक

कानपुर प्रेस क्लब ने कराया भाटिया होटल में रोजा इफ्तार 11

कानपुर में 30 मार्च को मनाया जायेगा हटिया मेला 3










होली व गंगा मेला
विशेषांक
पृष्ठ पेज-12

# चुनावी रंग और चटख : वरुण गांधी के नाम पर कयास और अटकलों पर लगा विराम

पीलीभीत लोकसभा सीट पिछले चार चुनावों से बीजेपी के कब्जे में है। मौजूदा समय में वरुण गांधी इस सीट से सांसद हैं। वरुण गांधी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर मुखर रहे हैं।











## पीलीभीत सीट से जितिन लड़ेंगे चुनाव

पीलीभीत। भाजपा ने रंगोत्सव से पहले उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनावी रंग को और चटख कर दिया। पार्टी ने पीलीभीत सीट से जितिन प्रसाद को उम्मीदवार घोषित किया है। इसी के साथ वरुण गांधी के नाम को लेकर लग रहे कयास और अटकलों पर विराम लग गया। उनका टिकट काट दिया गया है।

पीलीभीत लोकसभा सीट पिछले चार चुनावों से बीजेपी के कब्जे में है। मौजूदा समय में वरुण गांधी इस सीट से सांसद हैं। वरुण गांधी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर मुखर रहे हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व से उनके बयानों में नरमी आई थी। लेकिन उनके टिकट को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया था। बीजेपी की पहली सूची जारी होने के बाद कई दावेदारों के नाम भी चर्चा में आए थे। उनमें एक नाम जितिन प्रसाद का भी था। रविवार की रात आई सूची में पार्टी ने जितिन प्रसाद के नाम पर मुहर लगा दी है। इसके साथ ही जिले में चुनावी हलचल तेज हो गई है।

लोक निर्माण मंत्री ने जिले में कराए हैं काम

जितिन प्रसाद मौजूदा समय में लोक निर्माण मंत्री हैं। उन्होंने पीलीभीत, लखीमपुर, सीतापुर आदि जिलों में काफी काम कराए हैं। शारदा नदी धनाराघाट पर सेतु निर्माण में भी जितिन की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। कुछ करीब डेढ़ माह पूर्व ही सेतु निर्माण को धनराशि स्वीकृत हुई और सर्वे का काम शुरू किया गया है।

यह है जितिन का राजनीतिक सफर

जितिन प्रसाद ने 2004 के लोकसभा चुनाव में शाहजहांपुर से जीत हासिल की थी। 2009 के चुनाव में वह धौरहरा सीट से सांसद बने। इस दौरान वह सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय केंद्रीय मंत्री रहे। करीब दो वर्ष पहले जितिन ने बीजेपी का दामन थाम लिया और मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री हैं।




## मुख्तार अंसारी को लाने, ले जाने में लापरवाही बरतने के आरोप में बांदा के जेलर समेत तीन निलंबित



लखनऊ। शासन ने बांदा जेल के जेलर और दो डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को लाने, ले जाने के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में तीनों जेल अफसरों पर कार्रवाई की गयी है।

डीजी जेल एसएन साबत ने बताया कि जेलर योगेश कुमार, डिप्टी जेलर राजेश कुमार, डिप्टी जेलर अरविंद कुमार को निलंबित किया गया है। डीजी ने बताया कि बीती 2 मार्च को जेल के निरीक्षण के दौरान तमाम अनियमितताएं भी मिली थी,

जिसे लेकर डीआईजी जेल ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जेल अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई थी।



## संपादकीय

### विश्वविद्यालयों में असहिष्णुता

गुजरात विश्वविद्यालय परिसर में विदेशी छात्रों की आस्था की सार्वजनिक अभिव्यक्ति को लेकर जो मारपीट हुई, वह भारतीय संस्कृति व मानवीय दृष्टिकोण से भी दुर्भाग्यपूर्ण कही जाएगी। खासकर ऐसे देश में जहां 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अतिथि देवो भव' की अवधारणा को सदियों प्राथमिकता दी जाती रही हो। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम देश की छवि को दागदार करने वाला है। अच्छी बात है कि विवाद बढ़ते देख राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्ती बरती है और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। सवाल यही है कि विदेशी छात्रों के साथ ऐसी धार्मिक असहिष्णुता क्यों? आखिर किसी अन्य धर्म के छात्र की आस्था की अभिव्यक्ति पर किसी को प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता क्यों पड़ी? निश्चित रूप से शैक्षिक परिसरों में इस तरह की असहिष्णुता का पनपना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। रमजान के महीने में विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से प्रार्थना करना सामान्य बात है क्योंकि वहां कोई उपासना स्थल मौजूद नहीं था। सवाल यह भी है कि बाहरी लोगों के हमला करने पर विश्वविद्यालय का सुरक्षा तंत्र व पुलिस समय रहते सक्रिय क्यों नहीं हो पाये। सवाल देशी-विदेशी छात्रों का नहीं है, लेकिन जब विदेशी छात्रों के मामले में किसी भी तरह की अराजकता फैलायी जाती है तो दुनिया में गलत संदेश जाता है। निस्संदेह, ऐसे घटनाक्रमों से विदेशों में भी भारत की छवि खराब होती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया के तमाम देशों से विभिन्न धर्मों के छात्र हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिये आते हैं। ऐसे में हमारे विश्व गुरु बनने के दावे का क्या होगा? क्यों फिर विदेशी छात्र भी पढ़ाई को लेकर भारत को अपनी प्राथमिकताओं में रखेंगे। दरअसल, भारत को एशिया व अफ्रीकी देशों के छात्र इसलिये पढ़ाई के लिये चुनते रहे हैं क्योंकि माना जाता रहा है कि भारत में उच्च शिक्षा के अवसरों के साथ ही वातावरण सहिष्णुता की संस्कृति वाला रहा है। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं है बल्कि दुनिया में भारत की छवि को खराब करने वाला भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि घटना में लिप्त लोगों से सख्ती से निबटा जाएगा।निस्संदेह, किसी भी विश्वविद्यालय परिसर में ऐसा घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विगत में ऐसी घटना दिल्ली स्थित जेएनयू परिसर में भी हुई थी ।

# मूल्य अंतर राहत के बजाय मिले गारंटीशुदा कीमत

**3,100 रुपये प्रति क्विंटल के खरीद मूल्य के वादे और केंद्र द्वारा एमएसपी मूल्य पर खरीद के वादे के बीच 917 रुपये प्रति क्विंटल का अंतर अब किसानों के खाते में डाल दिया गया है। यानी प्रतिवर्ष औसत किसान की आय में 1 लाख रुपये की वृद्धि होगी। इस साल लगभग 147 लाख टन की रिकॉर्ड खरीद के साथ, किसान निश्चित रूप से बहुत उत्साहित हैं। हालिया स्थितिजन्य आकलन सर्वे के अनुसार, छत्तीसगढ़ में एक किसान परिवार की औसत मासिक आय 9, 677 रुपये है। इसलिए प्रतिवर्ष करीब 1 लाख रुपये की अतिरिक्त आय किसान परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है।यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा गत 14 मार्च को नई दिल्ली में संपन्न किसान महापंचायत ने सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को जारी रखने का संकल्प लिया है।**



सबसे पहले, अच्छी खबर। राजनीति को एक तरफ रखते हुए, छत्तीसगढ़ के किसानों के पास खुश होने के लिए पर्याप्त कारण हैं। गत 12 मार्च को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के 24.72 लाख धान किसानों के बैंक खातों में 13,320 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। यह राशि धान किसानों को कमीपूरक भुगतान के रूप में देय थी। पिछले चुनावों से पहले किए गए वादे के अनुसार, सत्तारूढ़ भाजपा ने खरीफ 2023-24 सीजन के लिए कॉमन ग्रेड धान के लिए 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान के लिए 2,203 रुपये के खरीद मूल्य पर प्रत्येक किसान से 21 क्विंटल धान खरीदा था।

3,100 रुपये प्रति क्विंटल के खरीद मूल्य के वादे और केंद्र द्वारा एमएसपी मूल्य पर खरीद के वादे के बीच 917 रुपये प्रति क्विंटल का अंतर अब किसानों के खाते में डाल दिया गया है। यानी प्रतिवर्ष औसत किसान की आय में 1 लाख रुपये की वृद्धि होगी। इस साल लगभग 147 लाख टन की रिकॉर्ड खरीद के साथ, किसान निश्चित रूप से बहुत उत्साहित हैं। हालिया स्थितिजन्य आकलन सर्वे के अनुसार, छत्तीसगढ़ में एक किसान परिवार की औसत मासिक आय 9, 677 रुपये है। इसलिए प्रतिवर्ष करीब 1 लाख रुपये की अतिरिक्त आय किसान परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है।

यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा गत 14 मार्च को नई दिल्ली में संपन्न किसान महापंचायत ने सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को जारी रखने का संकल्प लिया है। स्वामीनाथन के सी2+50 प्रतिशत फार्मूले के अनुसार एमएसपी की गणना की मांग के मुकाबले, छत्तीसगढ़ सरकार ने 3,100 रुपये प्रति क्विंटल का खरीद मूल्य का भुगतान किया है, जो असल में डॉ. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग द्वारा की गयी सिफारिश से भी अधिक है। दूसरी ओर, किसान यूनियनें कहती रही हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा तय किए गए एमएसपी 2,183 रुपये प्रति क्विंटल पर देशभर में धान की खरीद 2+50 प्रतिशत फार्मूले के जरिये की जाती है। ए2 जेब खर्च है जो किसानों द्वारा फसल उत्पादन में खर्च होता है और एफएल का मतलब पारिवारिक श्रम की आंकी गयी लागत के रूप में है।

लेकिन अगर एमएसपी को स्वामीनाथन के सी2+50 प्रतिशत के फार्मूले (सी2 का मतलब व्यापक लागत) के अनुसार तैयार किया जाता है, तो खरीफ 2023-24 सीजन के लिए धान की कीमत 2,886.50 रुपये प्रति क्विंटल बन जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने वास्तव में इस विपणन सीज़न में धान किसानों को जो भुगतान किया है, वह सी2+50 प्रतिशत की सिफारिश के बराबर नहीं है, बल्कि वास्तव में सी2+60 प्रतिशत से अधिक बनता है। यह बढ़ी हुई कीमत राज्य चुनावों से पहले एक रस्साकशी का नतीजा है। इस होड़ में आगे रहने की कोशिश में, कांग्रेस ने 3,200 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदने का वादा किया था, प्रत्येक किसान से 20 क्विंटल खरीद के साथ, जबकि भाजपा ने 3,100 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था, लेकिन प्रत्येक एकड़ से खरीदे गए 21 क्विंटल के लिए कीमत सुनिश्चित की थी। यहां पिछली कांग्रेस सरकार के प्रति निष्पक्ष होने के लिए, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि छत्तीसगढ़ देश के बाकी भागों, केरल को छोड़कर, के मुकाबले धान की काफी अधिक कीमत चुका रहा था। साल 2022-23 खरीफ सीज़न के लिए, भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को खरीद मूल्य के अतिरिक्त 9000 रुपये प्रति एकड़ की इनपुट सब्सिडी का भुगतान किया था।

आगामी महीनों में, छत्तीसगढ़ में धान किसानों को दिये जाने वाले ऊंचे रेट अन्य जगहों पर धान किसानों के एकजुट होने के लिए एक मुद्दा बन जाएंगे। यह देखते हुए कि हर साल 23 फसलों के लिए घोषित एमएसपी पूरे देश में एक समान है, मांग यह होगी कि छत्तीसगढ़ मॉडल के सी2+60 प्रतिशत के आधार पर धान की कीमत में एकरूपता लाई जाए। रोचक यह है कि धान के लिए प्रदान किये जा रहे एमएसपी और सी2+50 लागत, जिसकी मांग किसान यूनियनें कर रही हैं, के बीच अंतर प्रति क्विंटल 683.5 रुपये बनता है। किसान यूनियनें कहती हैं कि औसत उपज 25 क्विंटल प्रति एकड़ मानते हुए, अगर धान स्वामीनाथन के मूल्य निर्धारण फार्मूले पर खरीदा जाता है तो इसका मतलब होगा किसानों के लिए अतिरिक्त 17,075 रुपये प्रति एकड़, खासकर पंजाब जैसे राज्य में, जहां मंडियों में पूरी फसल की आवक होती है। लेकिन छत्तीसगढ़ में धान के रेट (सी2+60) के हिसाब से देखें तो मौजूदा एमएसपी के साथ अंतर जिस पर केंद्र सरकार द्वारा खरीद की गयी है।

# चरमराई गठबंधन, नेताओं की नौटंकी से बेहाल हुआ विपक्ष

आप के घर में, जब किसी को भी चोट लगती है, हल्का सा भी खून निकलता है तो आप क्या करते हैं ? चोट को तत्काल साफ, उस पर कपड़ा, बैंडेज या खुद गॉज लगा के, खून रोकते हैं हॉस्पिटल ले जाने तक पर पश्चिम बंगाल में ममता बैनर्जी की दुविधा और नाटक देख लीजिये ! चोट लगा और बिना खून साफ हुए फोटो खिचवा कर उसे मिडिया में लीक कर सहानुभूति के जरिये मोदी को मात देने की सोच बता रहा कि विपक्ष की हवा उल्टे दिशा में बह चली है। दीदी मुख्यमंत्री हैं, देश की शीर्ष नेताओं में से एक। मुख्यमंत्री काफिले में हमेशा एक एंबुलेंस होती है, डॉक्टर होता है, बेहतरीन फर्स्ट एड किट होती है। लेकिन, दीदी के हॉस्पिटल पहुंचने तक ना किसी ने घाव को दबाया, साफ किया, ना बेसिक फर्स्ट एड दिया। यहां तक कि दीदी के मुंह से बहता खून तक साफ नहीं किया गया। यें नेता जनता को ऐसे ही बेवकूफ समझते हैं। पर जनता समझती नहीं, खैर प्रभु दीदी को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे। उधर डॉक्टर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि 卐इलेक्टोरल बॉन्ड कांड एक आर्थिक अपराध है जिसने मोदी सहित पूरे बीजेपी को गड्ढे में डाल दिया है ! उन्होंने टोटी मिडिया के यूट्यूबर किसी अंजुम के चैनल पर इंटरव्यू में कहा है वे इलेक्टोरल बॉन्ड के मसले पर जनहित याचिका दायर करेंगे क्योंकि देश के मतदाताओं ने जिस पार्टी और नेता पर 2014 और 2019 में विश्वास किया और बहुमत के साथ भारत के केंद्र सरकार की सत्ता दी और जो अपने को चौकीदार कहता था वही चौकीदार चोर निकला। स्वामी ने कहा कि 卐यदि मोदी ने इस्तफा नहीं दिया तो बीजेपी का सत्ता से बाहर जाना निश्चित है क्योंकि



**दीदी मुज़्यमंत्री हैं, देश की शीर्ष नेताओं में से एक। मुज़्यमंत्री काफिले में हमेशा एक एंबुलेंस होती है, डॉज़्टर होता है, बेहतरीन फर्स्ट एड किट होती है। लेकिन, दीदी के हॉस्पिटल पहुंचने तक ना किसी ने घाव को दबाया, साफ किया, ना बेसिक फर्स्ट एड दिया। यहां तक कि दीदी के मुंह से बहता खून तक साफ नहीं किया गया।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

अमेरिका के निक्सन सरकार के वाटरगेट कांड से भी भयानक और बड़ी चोरी है इसलिए ऐसे व्यक्ति को सरकार में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है! उधर पश्चिम बंगाल ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत में वामदलों और कांग्रेस को अपने वजूद को बचाए रखने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।आधी सदी से ज्यादा समय तक देश की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस और तीन दशक लंबे समय तक शासन की धुरी रहे वाम दल पश्चिम बंगाल में अप्रासंगिक हो चले हैं। बीते लोकसभा चुनाव में भी वामदलों को कोई सीट नहीं मिली थी, जबकि कांग्रेस महज दो सीटों ही जीत पाई थी। दोनों दलों का एक भी प्रतिनिधि विधानसभा में भी नहीं है!

खिसकते जनाधार और मतदाताओं पर ढीली होती पकड़ ने दोनों दलों को हाशिए पर ला दिया है। पश्चिम बंगाल ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत में वामदलों और कांग्रेस को अपने वजूद को बचाए रखने के लिए काफी मेहनत करने की आवश्यकता है। स्थिति यह है कि कांग्रेस और वामदलों के नेताओं को दोबारा खड़े होने की राह भी नहीं सूझ रही। कांग्रेस के पतन के बाद पश्चिम बंगाल में कभी लाल सलाम के वाहक रहे वामदलों ने राज्य की सत्ता पर तीन दशक से ज्यादा समय तक स्वर्गीय ज्योति बसु और अन्य दिग्गज वामपंथी दलों ने बंगाल की सत्ता में काबिज रही! ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर पश्चिम बंगाल में अपनी क्षैत्रिय पार्टी तृणमूल कांग्रेस बना ली और कांग्रेस पार्टी से काफी नेता टीएमसी में शामिल हो गए। काफी संघर्ष के बाद ममता ने बंगाल। की सत्ता में आ गई और शक्तिशाली नेता बन गई हैं। इसके बाद से राज्य के मतदाताओं पर वाम दलों की पकड़ लगातार कमजोर हो रही है। कांग्रेस के लिए भी खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चुनौती से कम नहीं है। ऐसे में तृणमूल से नाराज मतदाताओं के लिए भाजपा विकल्प के रूप में सामने आई। लोकसभा 2019 और विधानसभा 2021 के चुनावों में भाजपा ने राज्य की राजनीति में जिस तरह से खुद को स्थापित किया है, कांग्रेस और वामदलों की राह और दुरूह हो गई है।वर्तमान में दोनों दल जिस दौर से गुजर रहे हैं, उससे कहीं बेहतर स्थिति साल 2011 में थी। विधानसभा चुनाव 2011 में वाम दलों का मत प्रतिशत 37.9 फीसदी था, जो 5 साल में ही करीब 50 फीसदी गिर गया। वहीं कांग्रेस ने इसी चुनाव में 9.1 फीसदी वोट के साथ 42 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बीते 13 सालों में ही कांग्रेस और वामदलों ने अपनी जमीन छोड़ दी है। एक ओर देशभर में 'इंडिया' गठबंधन को लेकर कांग्रेस जमीन-आसमान एक किए हुए है।

पश्चिम बंगाल में पार्टी नेतृत्व गुब्बारे की हवा निकाल रहा है।

## चर्चाओं के बीच: अभिनेत्री भक्ति राठौड़



अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जानी जाने वाली भक्ति राठौड़ की पेशेवर कार्य नैतिकता कला के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विभिन्न भूमिकाओं में सहजता से ढलने की उनकी क्षमता एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाती है। भक्ति राठौड़ का समर्पण, व्यावसायिकता और बहुमुखी प्रतिभा उन्हें उद्योग में अग्रणी बनाती है और अभिनय की दुनिया में अन्य एक्टिव कलाकारों के लिए एक उच्च मानक स्थापित करती है। इन दिनों बहुमुखी प्रतिभा की स्वामिनी अभिनेत्री भक्ति राठौड़ एक साथ दो डिमांडिंग शो में काम करके अपने समर्पण और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। वह स्टार प्लस पर 'आंख मिचौली' की शूटिंग में गहराई से व्यस्त हैं, जहां वह 'केसर बा' की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं साथ ही साथ वह सोनी सब पर बहुप्रतीक्षित शो 'पुष्पा-इम्पॉसिबल' में सोनल की भूमिका के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यही वजह है कि वो टीवी जगत में काफी चर्चित हैं। अपनी भूमिकाओं को संतुलित करने की क्षमता अभिनय के प्रति उनके समर्पण और जुनून के बारे में बहुत कुछ बताती है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता लगातार जारी है। अभिनेता नाना पाटेकर के साथ उनके आगामी प्रोजेक्ट ने उनके प्रभावशाली पोर्टफोलियो को और समृद्ध किया है। चूँकि भक्ति राठौड़ अपनी व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं के साथ अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं को खूबसूरती से संतुलित करती हैं। फिलवक्त उनकी अभिनय यात्रा कई लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# चुनाव आयोग की आचार संहिता गाइडलाइन का पालन करियेगा

गोंदिया । वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश की नजरे भारत के लोकतंत्र के महापर्व 2024 पर लगी हुई है, कि 18 वीं लोकसभा के मेंबर कौन होंगे, किसको पीएम का ताज मिलेगा, भारत का नेतृत्त्व कौन करेगा, विजन 2047 को कौन आगे ले जाएगा। पूरी दुनियां की नजरे इसलिए भी लगी है कि पिछले 10 वर्षों से भारत नें जो विकास के झंडे गाड़े हैं, उसनें दुनियां का ध्यान भारत की ओर खींचा है और अब दुनियां देख रही है कि इस लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव में चुनाव आयोग किस तरह अपनी जिम्मेदारीयां बेहतरीन ढंग से निभाता है। हमने देखे कि चुनाव आयोग ने चुनावी आचार संहिता के दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं जो अधिसूचना के बाद से ही लागू हो चुके हैं, अब भारत का हर मतदाता कह रहा है कि, नेताजी सावधान रहिएगा, चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का पालन करियेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,राजनीतिक पार्टियों, कार्यकर्ताओं, उम्मीदवारों व शासन प्रशासन से चुनावी आदर्श आचार संहिता का पालन करके सहयोग की अपेक्षा पूरे देश को है।साथियों बात अगर हम चुनावी आदर्श आचार संहिता कोसमझने की करें तो, चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है। ये चुनाव के नतीजे आने तक लागू रहेगी। सवाल है कि- आदर्श आचार संहिता क्या है? कोड ऑफ कंडक्ट क्या होता है? इसके क्या नियम हैं? चुनाव में एमसीसी का मतलब क्या है? ये ऐसा विषय है जिसके बारे में सभी को पता होना चाहिए। परीक्षाओं में भी इससे जुड़े सवाल पूछे जाते हैं।यह भारतीयनिर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित दिशानिर्देशों का एक समूह है।यह चुनाव प्रचार और मतदान के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए आचरण के मानदंड तय करता है। सत्ताधारी पार्टी के मंत्रियों को एमसीसी लागू होने के दौरान कैसे आचरण करना चाहिए, इसके बारे में भी निर्देश देता है।यह बताता है कि विवाद होने पर पार्टियां कैसे चुनाव आयोग के पर्यवेक्षकों के पास शिकायत दर्ज करा सकती हैं।2019 में, चुनाव घोषणापत्रों के संबंध में एक नया नियम जोड़ा गया, जिसमें पार्टियों को संविधान के आदर्शों के प्रतिकूल वादे करने से मना किया गया।मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट कैसे लागू होता है?चुनाव आयोग आम या विधानसभा चुनाव से पहले सरकार को दिशा-निर्देश जारी करता है।इन दिशानिर्देशों के अनुसार, जिन अधिकारियों (पुलिस सहित) को उनके गृह जिले में तैनात किया गया है और जिन्होंने उस जिले में तीन या चार साल पूरे कर लिए हैं या पूरे करने वाले हैं, उनका तबादला कर दिया जाता है।इससे यह सुनिश्चित होता है कि चुनाव में कोई दखल न दे सके। इसके बाद, नए नियुक्त अधिकारी एमसीसी लागू करते हैं और चुनाव आयोग के नोडल अधिकारी पालन की निगरानी करते हैं।(ख) सत्ताधारी दल के हित को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विमानों, वाहनों, मशीनरी और कार्मिक सहित सरकारी परिवहन का उपयोग नहीं करेंगे;चुनावी बैठकें आयोजित करने के लिए मैदानों इत्यादि जैसे सार्वजनिक स्थानों, और हवाई उड़ानों के लिए चुनावों के संबंध में एयर-फ्लाइटों के लिए हेलीपैड के उपयोग पर उसका (सत्ताधारी दल) एकाधिकार नहीं होगा। अन्य दलों और अभ्यर्थियों को उन्हीं नियमों और शर्तों पर ऐसे स्थानों और सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी जिन नियमों और शर्तों पर सत्ताधारी दल द्वारा उनका उपयोग किया जाता है;विश्राम गृहों, डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासों पर सत्ताधारी दल या उसके अभ्यर्थियों का एकाधिकार नहीं होगा और अन्य दलों और अभ्यर्थियों को इन आवासों का निष्पक्ष ढंग से उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी किन्तु कोई भी दल या अभ्यर्थी इन आवासों (उसके अंतर्गत मौजूद परिसरों सहित) का उपयोग न तो चुनाव अभियान कार्यालय के रूप में और न ही निर्वाचन प्रचार के प्रयोजनार्थ कोई सार्वजनिक सभा आयोजित करने के लिए करेगा और न ही ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी;सत्तासीन दल की संभावनाओं को बढ़ावा देने की दृष्टि से निर्वाचन अवधि के दौरान समाचार पत्रों और अन्य संचार माध्यमों मे सार्वजनिक राजकोष की लागत से विज्ञापन जारी करने और राजनीतिक खबरों और प्रचार-प्रसार को पक्षपातपूर्ण कवरेज के लिए आधिकारिक जन संचार माध्यमों के दुरुपयोग से ईमानदारी से परहेज करना चाहिए।



**किशन सनमुखदास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सज़्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# खाटू श्याम भजन संध्या में श्याम बाबा के भजनों पर झूम उठे श्रृद्धालू



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गौड़ ब्राह्मण युवा मंडल द्वारा चावल मंडी स्थिति माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित तृतीय खाटू श्याम भजन संध्या में श्याम प्रेमी झूम उठे बाबा श्याम का वेहगम दरबार भक्ति टकटकी लगाए निहारते थक नहीं रहे थे। विशाल कौशिक आयुष सक्सेना काजल अवस्थी के भजनों में झूमने पर मजबूर कर दिया फागुन का नजारा है आई है खाटू से चिट्ठियां श्याम बाबा ने बुलाया है तथा हाथों में निशान और सामने मेरा श्याम हो जैसे सुबह दूर भजनों के बीच सोनू तथा शिवानी द्वारा बांके बिहारी व राधा कृष्ण की झांकी ने श्याम भक्तों को मानो मंत्र मुगध कर दिया।

यही फूलों की होली तथा इत्र वर्ष से माहौल बिल्कुल भक्ति में हो गया मंडल संरक्षक आनंद गौड़ ने बताया कि खाटू श्याम बाबा के स्मरण मात्र से जीवन में हर तरह से हताश हुआ निराश व्यक्ति के जीवन में आशा तथा ऊर्जा का संसार होने लगता है। हर लेते हैं कलयुग में बाबा अपने भक्तों को कभी हारने नहीं देते और हर हाल में डूबने से बचा लेते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पं आनंद गौड़, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रदेश महामंत्री पवन कुमार गौड़, आशीष गौड़, प्रदेश अध्यक्ष अखंड ब्राह्मण मंच से विनय अवस्थी के अलावा यश शर्मा, शाश्वत ,शुभम, प्रदुमन, पवन, अंकित ,अमित व महेश गौड़ आदि शामिल है।



# कानपुर में 30 मार्च को मनाया जायेगा हटिया का ऐतिहासिक होली मेला



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शुक्रवार को खत्री धर्मशाला बिरहाना रोड में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि होलिका दहन 24 मार्च को होगा लेकिन कानपुर रंगो का समापन कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) के साथ होता है कानपुर नगर अपनी अनूठी एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं के लिए पूरे देश में अपना एक विशेष महत्व रखता है ।

कानपुर की होली पूरे भारत में अपना अलग स्थान रखती है क्योकि कानपुर में होली से लेकर कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) तक होली का उल्लास रहता है। इस बार 83वां होली का मेला दिनांक 30 मार्च, दिन शनिवार अनुराधा नक्षत्र में प्राचीन परम्परा के अनुसार होगा होली मेले का शुभारंभ प्रात: 9-45 बजे क्रान्तिकारियों के शिलालेख में पुष्पांजलि करके माननीय जिलाधिकारी कानपुर नगर व पुलिस कमीश्नर कानपुर नगर तिरंगा झण्डा फहराकर पुलिस बैण्ड (होमगार्ड बैन्ड) द्वारा राष्ट्रीय धुन बजायी जाती है तत्पश्चात् रंग ठेले का शुभारंभ हटिया रज्जन बाबू पार्क से माननीय जिलाधिकारी/पुलिस कमीश्नर जी द्वारा होगा रंग ठेले मार्ग हटिया रज्जन बाबू पार्क से प्रारम्भ होकर जनरलगंज बाजार, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक, टोपी बाजार, कोतवालेश्वर मन्दिर चौक, चौक सर्राफा, बीच वाला मन्दिर मेस्टन रोड, कोतवाली चौराहा, संगम लाल मन्दिर, कमला टावर, फीलखाना, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, शतरंगी मोहाल, लाठी मोहाल, जनरलगंज बाजार होते हुए हटिया रज्जन बाबू पार्क में आकर पूर्ण विश्राम लेता है कानपुर का होली मेला (गंगा मेला) पूरे देश में कानपुर की पहचान है अत: हम लोग प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यानाथ जी से मांग करते है सरकार द्वारा हर शहरों में उत्सव कराये जाते है ।

अभी कानपुर बिठूर महोत्सव सम्पन्न हुआ इसी तर्ज में कानपुर में कानपुर होली उत्सव प्रत्येक वर्ष स्थानीय प्रशासन या सांस्कृतिक मंत्रालय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कराया जाये।

# पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त पश्चिम व अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम के निर्देशन में एवं सहायक पुलिस आयुक्त पनकी कमिश्नरेट के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जाना पनकी कानपुर नगर के नेतृत्व में पनकी पुलिस फोर्स अनि।

सत्यपाल सिंह व उप निरीक्षक अमित कुमार सहाय व हे0का0 705 नरेंद्र सिंह व हे0का0 883 रामशरण द्वारा अभियुक्त अतुल बाजपेई पुत्र हरि प्रकाश बाजपेई निवासी 112/322 अशोक नगर थाना नजीराबाद कमिश्नरेट कानपुर नगर उम्र करीब 41 वर्ष को 01 एक अदद तमंचा 315 बोर, मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद होने के कृत्य में घटनास्थल नारावणा चौराहे से लगभग 50 कदम आगे पनकी पावर हाउस की तरफ थाना पनकी कानपुर नगर से हिरासत में लिया गया। अभि0 उपरोक्त के इस कृत्य के संबंध में थाना पनकी पर मु0अ0सं0 113/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही

सभी नगर वासियों को होली व गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता मेडिकल्स
स्टाकिस्ट :-मैकल्याइस, एबोट, टोरेंट, डाक्टर रेड्डी,शीगल, एफडीसी, लुपिन, कैडिला सन आदि
प्रोपराइटर:- राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता
मोबाइल नंबर:-9336233789
शाप नंबर-3 रामजानकी मार्केट 59/55 बिरहाना रोड कानपुर

राजेन्द्र कुमार जायसवाल
की तरफ से सभी नगर वासियों क्षेत्रवासियों व ईष्ट मित्रों को होली व गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
मो0:-9305698351 256/5, बाबूपुरवा कालोनी किदवई नगर, कानपुर

सभी नगर वासियों को होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
NEW SAHU FAMILY RESTAURANT
638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur
Owner Management Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852
Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com

बाबा बड़े दयालू हैं ओम नम: शिवाय: बाबा बड़े दयालू हैं
सभी नगर वासियों को होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबा आनंदेश्वर डेयरी एंड स्वीट्स
(शुद्ध ताजा दूध हर समय उपलब्ध है)
हमारे यहां शादी-विवाह के शुभ अवसरों पर पनीर, खोया, कच्चा छेना, मक्खन, क्रीम, दही, ग्रीन वैली मटर व शुद्ध देशी घी के आर्डर बुक किए जाते हैं।
24/11, बाबूपुरवा कालोनी, किदवई नगर कानपुर ( M:-9839625941 )

सभी नगर व देशवासियों को होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता ब्रदर्स एजेंसीज
स्टाकिस्ट - मैक्ल्याइस, एबोट, टोरेंट, डाक्टर रेड्डी, शीगल, एफडीसी, लुपिन आदि
प्रोपराइटर: प्रेरणा गुप्ता मो. नंबर 9415738023
शॉप नंबर 6 फर्स्ट फ्लोर, राम लक्ष्मण जानकी मार्केट, 59/55 बिरहाना रोड, कानपुर

Manoj Art
A Complete Printing Point
Manoj 9889304006
Manish 9198529180
Email : manojartkanpur@gmail.com
40 D Hamirpur Road Naubasta Kanpur
(Beside Amravati Palace)

सभी नगर वासियों को होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार
अर्थ संवाददाता
130/7 बगाही भट्ठा बाकरगंज, कानपुर

सभी कानपुर नगर वासियों को होली व गंगा मेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम जी वैश्य (विज्ञापन प्रतिनिधि बीपी एस न्यूज)

# अधिवक्ताओं के विरुद्ध लिखे झूठे मुकदमे समाप्त करे पुलिस

## कानपुर पुलिस द्वारा अधिवक्ता के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार आदि के विरोध में अधिवक्ता रहे हड़ताल पर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पंडित रवीन्द शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन और अमितेश सिंह सेंगर उपाध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्तागण पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे।

जहां पर आयुक्त की प्रतिनिधि एडिशनल डी सी पी अमृता सिंह मिली जिन्हे पुलिस की अधिवक्ता विरोधी मानसिकता से अवगत कराते हुए रवीन्द शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को अधिवक्ता धनवीर सिंह और उनके अधिवक्ता पुत्र अमन के साथ पड़ोसी सत्येंद्र ने मारपीट कर अंगूठी छीन ली थी घटना सी सी टीवी में है जिसकी शिकायत थाने में फिर अधिकारियो से की गई जन सुनवाई में दर्ज होने के बाद पुलिस नजीराबाद जांच करती रही ि

फर नजीराबाद पुलिस ने अभियुक्त से मिलकर दि 11द्ध03द्ध24 के प्रार्थना पत्र पर 30 जनवरी की घटना दिखा अधिवक्ता धनवीर और अमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी।

इसी प्रकार 11 मार्च को थाना नवाबगंज में अधिवक्ता विपिन वर्मा के घर में घुस अपराधी अंकित आदि ने हमलाकर मारपीट की और फिर पुलिस से मिल अधिवक्ता अमन वर्मा आदि के ही विरुद्ध एफ आई आर भी लिखवा दी और फिर 13 मार्च को अधिवक्ता के भाई अर्पित के ऊपर जानलेवा हमला किया जिससे उसका सर फट गया तमाम टांके लगे जिसकी साधारण धाराओं में रिपोर्ट लिखा जाना अधिवक्ता विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है श्री शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के विरुद्ध लिखे झूठे मुकदमे समाप्त करे पुलिस।पत्र प्राप्त कर एडिशनल डी सी पी अमृता सिंह ने कहा कि पुलिस की अधिवक्ता विरोधी कोई मानसिकता नहीं है हम नजीराबाद प्रकरण की जांच करा मुकदमा झूठा है तो उसको समाप्त करायेंगे साथ ही थाना नवाबगंज में अधिवक्ता अमन वर्मा के भाई के ऊपर हुए जानलेवा हमले में आई गंभीर चोटो के आधार पर धारा 307 बढ़ाई जाएगी।प्रमुख रूप से अमितेश सिंह सेंगर उपाध्यक्ष लायर्स हेमंत तिवारी बृज नारायण निषाद भानू द्विवेदी लक्ष्मी कांत शुक्ला रिनय कनोजिया शुजा अब्बास मयूर सैनी गुलजार अब्बास पंकज दीक्षित विकास मिश्रा विष्णू पासवान जे पी हजारिया सत्यम शुक्ला आदि रहे।

# थानों में दिव्यांगों की नहीं सुनती पुलिस

## पीड़ित दिव्यांगजनो पर लगा दिया शान्ति भंग का मुकदमा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांग उत्पीडन के विरोध में आज बड़ा चौराहा डाकघर से पुलिस आयुक्त कार्यालय तक रैली निकाली खाट बिछाओ न्याय दिलाओ आन्दोलन किया पुलिस कमिश्नर ने उत्पीडन के सभी मामलों में उच्च स्तरीय जांच करवाकर कार्यवाही, सभी थानों में छै- माह में रैम्प बनवाने थानों में दिव्यांगजनों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का भरोसा दिलाया 7पुलिस थाना कोतवाली ने आचार संहिन्ता के चलते रिपोर्ट दर्ज करने की बात कहने पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ता बिफर गये और बिरोध करने लगे ।ज्ञात हो कि लम्बे समय से दिव्यांग उत्पीडन के विरोध में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी आन्दोलन कर रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार का आरोप है कि थानो कि पुलिस दिव्यांगजनो को न्याय नही दे पा रही है ।

पीडित दिव्यांगजनो के खिलाफ पुलिस ने शान्ति भंग का मुकदमा लगा दिया ह। ऐसे दिव्यांगजन भी है जो चलने फिरने को मोहताज हैं। दिव्यांगजन अधिनियम 2016 की जानकारी थाना प्रभारियो को नही है।जिससे दिव्यांगजन अधिनियम 2016 औचित्यहीन हो गया है ।उन्होंने कहा कि चाहें जितने कानून बन जाय, जब तक जमीनी स्तर उसे लागू नही किया जाता तब तक ऐसे कानूनों के बनने का कोई औचित्य नहीं है ।

आज पुलिस आयुक्त ने सभी पीड़ित दिव्यांगजनो को न्याय दिलाने का भरोसा दिया ।उन्होंने दिव्यांगजन अधिनियम का सत प्रतिशत अनुपालन थानो में करवाया जायेगा वही बिठूर पुलिस ने दिव्यांग अजीत की जाति बदल दी है। आज के आन्दोलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, दिलिप कुमार, राहुल विश्वकर्मा, कमलेश कुमार सिंह, मनोज त्यागी, उमाशंकर, सीमा कुशवाहा, जितेन्द्र गुप्ता, महेश चन्द्र साहू, आशिष कुमार आदि शामिल थ।

# किताबों की कमी नही बनेगी बच्चों की पढ़ाई में बाधा

## नए सत्र से पहले बच्चों के हाथो में होंगी किताबे, समय रहते की जायेगी सभी तैयारिया पूरी, मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू किया जायेगा किताब वितरण का कार्य

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आने वाले नए सत्र की सभी तैयारियों को तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।शासन द्वारा कहा गया कि बच्चों की पढाई किसी भी प्रकार से बाधित न की जाये और सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों के हाथों में किताबे और नई कॉपियां पहुंच जाये।




नए सत्र में बच्चों को वितरण करने वाली किताबे पाठय पुस्तके पहले ही बीएसए कार्यालय गोविंद नगर पहुंचा दी गयी थी और अब मार्च के अंतिम सप्ताह में इन किताबो का बच्चों में वितरण किया जाना है।कानपुर जिले के 1787 स्कूलों में आठवी तक की कक्षा में 1.73 लाख विधार्थी नामांकित है, जिनके लिए 13.10 लाख किताबों की मांग भेजी गयी थी। लगभग डेढ माह पहले ही किताबे गोविन्द नगर स्थित बीएसए कार्यालय में पहुंचा दी गयी थी, कुछ किताबे रह भी गयी थी वह भी समय से पहले पहुंचाने की बात कही गयी थी। शासन द्वारा कहा गया था कि किसी भी प्रकार से बच्चों की पढाई में बाधा नही आनी चाहिए। किताबों के वितरण के लिए कार्ययोजना बनाई गयी। अब इस किताबों को खंड शिक्षा कार्यालयों में पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मार्च के अंतिम सप्ताह में खंड शिक्षा अधिकारी अपने स्तर से सूलों में किताबों का वितरण करायेगे।

# आठ वार्डो की दो लाख आबादी को जल्द मिलेगी राहत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कैंट क्षेत्र के आठ वार्डो की दो लाख आबादी को जल संकट से अब नही जूझना पडेगा क्योंकि बैंट बोर्ड कमेटी द्वारा खराब पडे तथा कम जलस्तर वाले हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप को ठीक कराने के लिए कमर कस ली गयी है और इसके लिए ऐसे हैंडपम्प तथा सबमर्सिबलों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है।बतादे कि छावनी क्षेत्र के वार्डो में रहने वाले लोगों को जल संकट का सामना न करने पडे इसके लिए क्षेत्र में खराब पडे हैंडपंपो तथा सबमर्सिबल को ठीक कराने के लिए उन्हे चिन्हित करने का काम किया जा रहा है।इस काम के लिए 17 लाख रूपये का बजट स्वीकृत किया गया है।इस बजट से आठ वार्डो में कार्य किया जायेगा।बताया जाता है कि जिन वाडों में काम किया जाना है उनमें वार्ड एक में गोलाघट, वार्ड दो में लालकुर्ती, वार्ड तीन में शांति नगर व खपरा मुहाल, वार्ड चार और पांच में फेथफुलगंज, वार्ड छह में मीरपुर, वार्ड सात में हैरिसगंज तथा वार्ड आठ में मालरोड का क्षेत्र शामिल है।इन क्षेत्रों में कई हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप खराब होने के कारण लोगों को परेशान का सामना करना पड रहा है और लोगों को टैंकरो का सहारा लेना पडता है।

# पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ की बैठक



कानपुर, आगामी त्योहार होली,रमज़ान, ईद, गुड-फ्राइडे, ईस्टर, चैत्र नवरात्र, रामनवमी, अम्बेडकर जयन्ती महावीर जयन्ती व लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार व अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा द्वारा बाबूपुरवा सर्किल के सम्भ्रांत व्यक्तियों,पीस कमेटी के सदस्य व स-10 के सदस्यों के साथ रूबरू होकर वार्ता की गयी व बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा क्षेत्र से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाओं के आदान प्रदान करने तथा त्योहारों में आराजकता फैलाने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने/कराने हेतु सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये गये तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान मे सक्रिय योगदान देकर ईदगाह चौराहे पर कैमरे लगवाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया एवं सभी लोगों से त्रिनेत्र अभियान के तहत कैमरे लगवाने का अनुरोध किया गया। मीटिंग में थाना बाबूपुरवा, गोविन्द नगर, जूही व किदवई नगर के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का किया गया आयोजन




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।बाल रोग अकादमी कानपुर द्वारा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर के बाल रोग विभाग में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया,,जिसमे स्पेशलिस्ट डॉक्टर पूनम सिंह गंभीर ने बताया कि डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक रोग है ,जोकि क्रोमोसोम 21 के जोड़े में एक अतिरिक्त क्रोमोसोम के जुड़ने से उत्पन्न होता है।विश्व में अनुमानित 1000 में से एक बच्चा डाउन सिंड्रोम के साथ पैदा होता है। अगर मां की उम्र 35 वर्ष से अधिक हो तो इसके होने का खतरा बढ़ जाता है।गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही स्क्रीनिंग टेस्ट द्वारा इसका पता लगाया जा सकता है।

डॉ अनुराग भारती ने बताया कि डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास मुख्य रूप से प्रभावित होता है। इसमें बच्चे का कद छोटा, मांसपेशियां शिथिल, नाक एवं चेहरा चपटा, जीभ मोटी एवं बाहर निकली हुई, गर्दन एवं कान छोटे, आंखें बादाम के आकार की हाथ चौड़े एवं छोटे होते हैं । डॉ अरुण कुमार आर्य ने बताया कि इससे ग्रसित बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, थायराइड विकार, स्लीप एपनिया, बहरापन एवं ब्लड कैंसर का खतरा अधिक रहता है। आई ए पी अध्यक्ष डॉ यशवंत राव ने बताया कि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने, समान अवसर देने एवं गले लगाने की आवश्यकता है जिससे कि ये एक स्वतंत्र जीवन जी सकें।कार्यक्रम मैं डॉ नीना गुप्ता, डॉक्टर वी एन त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ अमितेश यादव ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से, डॉक्टर वी एन त्रिपाठी डॉक्टर रूपा डालमिया सिंह, डॉक्टर नेहा अग्रवाल, डॉ शैलेन्द्र गौतम,डॉ प्रतिभा सिंह एवं बड़ी संख्या में रेजिडेंट डॉक्टर एवं मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

# आज भी जिंदा है कानपुर में फाग गायन की परंपरा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर, होली जैसा हृदय को आनन्दित करने वाला कोई दूसरा पर्व नही है। रंगो से सराबोर लोग एक दूसरे के गले मिलके आपसी एकजुटता, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते है।हिंदू धर्म में होली महत्वपूर्ण स्थान रखती है।जहां इसे धर्म से जोडते हुए अर्धम पर जीत का पर्व माना गया है तो कानपुर में इसका बडा ही एतिहासिक महत्व है।पूरे देश में होली एक या फिर दो दिन मनाई जाती है लेकिन कानपुर में होली पूरे सात दिनों की होती है और अंत में अनुराधा नक्षत्र में पडने वाले मेले के साथ होनी का समापन होता है।वर्तमान में युवाओं में होली को लेकर गाना-नाचना मात्र रह गया है, होली की पुरानी परम्पराओं से आज का युवा दूर होता जा रहा है और कई लोग होली में घर से बाहर तक नही निकलते।ऐसे में कानपुर नगर में आज भी दो स्थानों पर होली परम्परागत ढंग से फाग गीतों की मधुर फुहार के साथ मनाई जाती है।





कानपुर के ग्वालटोली तथा शिवाला में होली की शुरूआत फाग गीतों को गाकर होती है।जहां शिवाला में द्विवेदी परिवार द्वारा इस परम्परा को आज भी जीवित रखा गया है तो वही ग्वालटोली में दिनेश तिवारी द्वारा लगातार वर्ष दर वर्ष इस परम्परा का निर्वाहन किया जा रहा है। दिनेश तिवारी बताते है कि उन्हे यह कला उनके पिता द्वारा प्राप्त हुई है।दिनेश स्वयं डीजी कालेज में क्लर्क है लेकिन उन्होने यह कला अपने दो पुत्रों को भी दी।एक पुत्र सेना में अधिकारी है तो दूसरा अभी अध्यनरत है। ग्वालटोली की फाग मंडली में दिनेश तिवारी, लिटिल तिवारी, मनीष, लम्मन, बम शंकर, हरीओम, कालिका प्रसाद, महेश, राजन, राजेन्र्द आदि लोग है तो वही शिवाला फाग टोली में कैलाश, दउआ, लल्लू मिश्र, रमा शंकर अवस्थी, मुन्नु द्विवेदी आदि लोग शामिल है। दिनेश ने बताया कि सबसे पहले बंसत के दिन फाग की शुरूआत मंदिर से ढोलक पूजन के साथ की जाती है तथा होलिका जलने के स्थान पर भी फाग गाई जाती है।परेवा को फाग की टोली घर-घर पहुंचती है और फाग गती है। इस प्रकार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ होली मनाई जाती है। दिनेश तिवारी ने कहा कि अब फाग रस के प्रेमी कम बचे है, कारण यह है कि नए युवा इस विधा में दिलचस्पी नही दिखाते ऐसे में कहा जा सकता है कि नगर में फाग अपने अंतिम चरण में है। बताया कि फाग में भगवान राम, श्रीकृष्ण, महाभारत की फागे गाई जाती है।कुछ फागो में भींजत कुंजन से दोउ आवत, वृंदावन बेली, वृंदावन श्याम बिहार करें आदि फागों का गायन किया जाता है।

# व्यापारी महापौर से मिलकर वार्ता की व ज्ञापन सौंपा



कानपुर, महापौर ने दो तीन बाद व्यापारियों व अधिकारियो के साथ बैठक कराने व व्यापारियों को विश्वास मे लेकर कुछ भी करने का आश्वासन दिया.व्यापारियों ने तय किया कि अगर आवश्यकता हुई तो सांसद, विधायक व सभी जनप्रतिनधियों को ज्ञापन दिया जायेगा वार्ता मे कहा कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी की जगह नजूल की है या नगर निगम की है ये भी स्पष्ट नहीं है इसे स्पष्ट करने की भी मांग की गई भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के मुख्य सरक्षक ज्ञानेश मिश्र और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर युवा अध्यक्ष व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष मिश्र के नेतृत्व मे संगठन के पदाधिकारी व कलक्टरगंज के व्यापारी वर्षों से व्यापार कर रहे व्यापारियों को उजाड़कर कलक्टरगंज मे नगर निगम द्वारा प्रस्तावित कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्ताव को वापस लिए जाने की मांग को लेकर व्यापारी महापौर प्रमिला पांडे से मिले और वार्ता की व ज्ञापन सौंपा।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए: जिलाधिकारी



कानपुर नगर, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा आज कलेक्ट्रेट स्थित प्रतीक्षालय कक्ष में स्थापित लोक सभा समान्य निर्वाचन के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रभारी अधिकारी कंट्रोल उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया गया कि आने वाली समस्त प्रकार की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए। जिसके लिए प्राप्त शिकायत को रजिस्टर में अंकित करते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल अवगत कराया जाएद्यप्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम द्वारा अवगत कराया गया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है।जिसमें शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।लोक सभा समान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित कई प्रकार की शिकायत 0512-2985080 तथा टोलफ्री नम्बर 1950 पर प्राप्त हो रही है।

ओलंपिक 2024 में
**भारत की आस**


# तीरंदाजी क्या है?

धनुष और तीर के इस्तेमाल से खेले जाने वाले इस खेल का इतिहास हजारों साल पुराना है। एक सांस्कृति प्रगति के रूप में, ये आग की खोज और पहिए के आविष्कार की तरह ही माना जाता था।










## तीरंदाजी के नियम

इसमें एथलीट **70 मीटर** की दूरी पर रखे लक्ष्य पर निशाना साधते हैं, जहां हर प्रतियोगी **सेट प्वाइंट** जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। एक सेट जीतने के लिए **2 अंक** की जरूरत होती है जबकि एक सेट टाई कराने के लिए **1 अंक** की आवश्यकता होती है। जो भी प्रतिस्पर्धा पहले **6 सेट प्वाइंट** हासिल करता है उसे **विजेता** घोषित किया जाता है।

## धीरज बोम्मदेवरा से मेडल की आस

धीरज बोम्मदेवरा ने एशियन कॉन्टिनेंटल क्वालीफायर टूर्नामेंट 2023 में ओलंपिक के लिए कोटा हासिल किया था। धीरज ने **एशियन गेम्स 2023 में सिल्वर मेडल** जीता। जिस कारण एक बार फिर देश को उनसे पेरिस ओलंपिक 2024 में मेडल की उम्मीद है।



# वोटर कार्ड नहीं है, तो ऐसे कर सकेंगे मतदान

लोकसभा चुनाव 2024 की शुरुआत भारत में हो चुकी है। देश आम चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बार भारतीय नागरिक 18वीं लोकसभा और कई राज्यों में विधानसभा चुनने के लिए मतदान करेंगे जिसके लिए वो बेहद उत्सुक है। इन लोकसभा चुनावों का आयोजन सात चरणों में किया जाना है। इसके लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा और मतगणना चार जून को होगी।



प्रतिरूप फोटो

इन चुनावों में मतदान करने के लिए मतदाता पहचान पत्र होना महत्वपूर्ण है, जो कि वोट डालने के लिए आवश्यक दस्तावेज है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति तब भी मतदान कर सकता है, भले ही उसके पास अपने मतदाता पहचान पत्र की भौतिक प्रति न हो। हालाँकि, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि उनका नाम चुनाव आयोग की मतदाता सूची में सूचीबद्ध है। मतदाता सूची में अपना नाम कैसे जोड़ें और बिना मतदाता पहचान पत्र के वोट कैसे डालें, इसके बारे में चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका यहां दी गई है।

चुनाव आयोग की मतदाता सूची में नाम ऐसे जोड़ें

एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया जानें

नामांकन करने से पहले, मतदाता पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने की जांच करें।

भारत का नागरिक होना चाहिए

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के वर्ष की पहली जनवरी तक आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए

किसी भी कानून के तहत अयोग्य नहीं ठहराया जाना चाहिए

ये हैं जरुरी दस्तावेज

मतदाता पंजीकरण के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की जरुरत होती है।

पासपोर्ट आकार का कलर फोटो

आयु प्रमाण पत्र

पते का प्रमाण (आधार, बैंक पासबुक, एपीएल/बीपीएल कार्ड, प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा जारी पत्र)।

ऐसे करें रजिस्ट्रेशन

सामान्य मतदाता को ऑनलाइन फॉर्म 6 भरना होता है। वहीं जो विदेशी मतदाता हैं उन्हें चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म 6ए भरना होता है। इसके जरिए मतदाता सूची में नाम शामिल करवाया जा सकता है। इसके लिए नाम, जन्म तिथि पता जैसे विवरण को देना होता है। इसके लिए जरुरी दस्तावेज अपलोड करने होते है।

नामांकन स्थिति जांचें

रजिस्टर मतदाताओं को भी अपने नामांकन की स्थिति की जांच करनी चाहिए। यह देखने के लिए कि क्या आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, चुनावी खोज वेबसाइट पर जाएँ। यदि आपका नाम सूची में आता है, तो आप मतदान करने के पात्र हैं। ऐसा नहीं होने पर आपको मतदान करने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

कर सकते हैं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन

आप ऑफलाइन भी नामांकन कर सकते हैं। फॉर्म 6 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और बूथ स्तर के अधिकारियों के कार्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध है। संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ आवेदन, संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी या सहायक के समक्ष व्यक्तिगत रूप से दायर किया जा सकता है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को संबोधित डाक द्वारा भेजा गया, या आपके मतदान क्षेत्र के बूथ स्तर अधिकारी को सौंपा गया।

बिना मतदाता पहचान पत्र के मतदान कैसे करें

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, बिना मतदाता पहचान पत्र के भी चुनाव में मतदान किया जा सकता है। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, किसी को पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका नाम ईसीआई मतदाता सूची में जोड़ा गया है, जो उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकृत करता है।

किसी भी मतदाता को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरकर अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पास जमा करना होगा। एक बार जब उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाता है, तो वे वोट देने के पात्र हो जाते हैं। वो व्यक्ति भी मतदान कर सकता है जिसके पास फिजिकल मतदाता पहचान पत्र न हो।

किसी भी रजिस्टर्ड मतदाता के पास वोटिंग कार्ड नहीं है तो वो वैकल्पिक आईडी प्रमाण या दस्तावेजों की मदद से भी मतदान कर सकता है। ऐसे दस्तावेजों की सूची यहां दी गई है जिसका उपयोग कोई वोट डालने के लिए कर सकता है।

पैन कार्ड

आधार कार्ड

ड्राइविंग लाइसेंस

पासपोर्ट

बैंक या डाकघर द्वारा जारी पासबुक, जिसमें फोटो शामिल होसेवानिवृत्त कर्मियों के लिए पेंशन दस्तावेज़

राज्य, केंद्र सरकार या पीएसयू द्वारा जारी सेवा आईडी कार्ड, जिसमें मनरेगा जॉब कार्ड भी शामिल है

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी एक स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड

# बेंगलुरु में 'अजान' के लिए बंद कराई गयी 'हनुमान चालीसा', इंकार करने पर एक समूह ने दुकानदार को जमकर पीटा



बेंगलुरु में एक दुकानदार को अज़ान (प्रार्थना के लिए इस्लामी आह्वान) के समय कथित तौर पर भगवान हनुमान का भजन बजाने पर लोगों के एक समूह ने पीटा। घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना रविवार को शहर के सिद्दन्ना लेआउट इलाके में हुई। दुकानदार ने संवाददाताओं से कहा, मैं हनुमान भजन बजा रहा था। चार-पांच लोग आए और कहा कि अजान का समय हो गया है और अगर मैंने संगीत बजाया तो मुझे पीटने की धमकी दी। उन्होंने मुझे पीटा और मुझे फिर से धमकी दी कि वे मुझ पर चाकू से वार कर देंगे।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लोगों को एक-एक करके दुकान में आते देखा जा सकता है। जल्द ही एक बहस शुरू हो जाती है, जिसके बाद एक व्यक्ति को दुकानदार का कॉलर पकड़ते हुए देखा जाता है, जिससे दुकानदार उसे वापस मारने के लिए उकसाता है।

दूसरा आदमी भी दुकानदार को मारता है, जिसके बाद वह दुकान से बाहर निकल जाता है। लड़ाई हिंसक हो जाती है, लोग बारी-बारी से दुकानदार की पिटाई करते हैं और उसे लातें भी मारते हैं। हमला रुकने के बाद, लोग तितर-बितर हो जाते हैं और दुकानदार खून से सना हुआ मुँह लेकर दुकान पर लौटता है।

आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनकी पहचान सुलेमान, शाहनवाज, रोहित, ज्ञानीश और तरूना के रूप में हुई है। डीसीपी सेंट्रल ने कहा कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 卐हम पूछताछ कर रहे हैं। दुकानदार पर हमला करने वाले समूह में हिंदू और मुस्लिम दोनों शामिल थे।卐

# महिला चिकित्सक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश। के गाजियाबाद में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के आरोप में ग्राम प्रधान के पति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक?त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने पीड़िता के बयान के हवाले से बताया कि आरोपी सुनील की दो वर्ष पहले टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में महिला के क्लीनिक पर ही उससे दोस्ती हुई थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुनील बागपत जिले के भेड़ापुर की ग्राम प्रधान का पति है। पीड़िता के बयान के मुताबिक, सुनील ने उससे शादी का वादा कर उसका यौन और आर्थिक शोषण किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपी ने कुछ वीडियो बनाए व आपत्तिजनक तस्वीरें भी खींची और उसके विरोध करने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि शनिवार रात सुनील उसके फ्लैट पर पहुंचा और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सुनील के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# माफिया मुख्तार अंसारी ने अदालत को बताया, मुझे जेल के अंदर जहरीला पदार्थ मिला खाना दिया गया

जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी ने बृहस्पतिवार को बाराबंकी जिले की अदालत को अवगत कराया कि जेल में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ मिला हुआ खाना परोसे जाने से उनकी तबीयत बिगड़ गई है।

खराब स्वास्थ्य का हवाल देकर, अंसारी एंबुलेंस के फर्जी पंजीकरण मामले में जिले की सांसद-विधायक अदालत में पेश नहीं हुए। अंसारी के अधिवक्ता ने अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया।

अपने वकील रणधीर सिंह सुमन के माध्यम से दायर आवेदन में अंसारी ने कहा,'' ज19 मार्च की रात मुझे खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर दिया गया है जिसकी वजह से मेरी तबीयत खराब हो गई। ऐसा लग रहा है कि मेरा दम निकल जाएगा।''

अधिवक्ता ने कहा कि इस



घटना से पहले अंसारी का स्वास्थ्य ''पूरी तरह से ठीक'' था और इसलिए उन्होंने अदालत से उनके उचित इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम बनाने का अनुरोध किया है।

अंसारी ने आरोप लगाया कि 40 दिन पहले भी इसी तरह खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर दिया गया था। अधिवक्ता सुमन ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान बांदा जेल से मुख्तार अंसारी डिजिटल माध्यम से पेश नहीं हुए।

उसकी जगह जेल के उप जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। सुनवाई के दौरान उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार अंसारी बीमार है। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 29 मार्च तय की है। अंसारी और उनके 12 सहयोगियों के खिलाफ मामला मार्च 2022 में दर्ज किया गया था।

# आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले 12 गिरफ्तार, टेलीग्राम एप के माध्यम से चल रहा था गोरखधंधा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने एसबीआई एंक्लेव के एक फ्लैट से 12 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। इन सट्टेबाजों के तार दुबई से जुड़े हुए हैं। पूरा धंधा टेलीग्राम ऐप के माध्यम से संचालित हो रहा था।

आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा का खेल संचालित करने वाले 12 सट्टेबाजों को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 45 मोबाइल, पांच लैपटॉप सहित अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों के आधा दर्जन बैंक खातों में 10 लाख रुपये मिले हैं, जिसको पुलिस ने फ्रीज करा दिया है। सट्टेबाजी का खेल दुबई से ऑपरेट हो रहा था। डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि रविवार को सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में स्थित एसबीआई एंक्लेव नाम के अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस की एक टीम ने वहां छापेमारी की तो वहां से पुलिस ने 12 लोगों को दबोचा। मौके से पुलिस ने 45 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, 2 टैबलेट, 6 चेक बुक, दो पासबुक, 14 आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, 21 डेबिट और एक क्रेडिट कार्ड बरामद किया।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम झारखंड धनबाद निवासी रोहन गोप, आशीष कुमार सिंह, बिहार निवासी शुभम कुमार, जैकी कुमार, झारखंड धनबाद निवासी विजय वावरी, बिहार निवासी प्रभात कुमार, झारखंड धनबाद निवासी राहुल राय, बिट्टू कुमार शाह, छत्तीसगढ़ निवासी राहुल कुमार, झारखंड धनबाद निवासी दीपक शर्मा, एकलव्य कुमार निषाद और विजय कुमार बताया। डीसीपी ने सट्टेबाजों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा भी की है। टेलीग्राम ऐप के माध्यम से ऑपरेट होता था धंधा

एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि सट्टेबाजी का धंधा पकड़े गए जालसाज ऑनलाइन चला रहे थे। पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि सट्टेबाजी का खेल दुबई से संचालित होता है। पकड़े गए आरोपी टेलीग्राम ऐप के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं। इसके बाद सट्टेबाज लोगों को ट्रांजेक्शन के लिए क्यूआर कोड भेजते हैं।

जाल में फंसे लोग उसकी क्यूआर कोड के माध्यम से जालसाजों को रुपये भेजते हैं और फिर सट्टेबाज उनके रुपये को आईपीएल में लगाते हैं। रुपये लगाने वाले को ऑनलाइन प्वाइंट मिलता है, जिसको वह कभी भी कैश कर सकता है।

# जेल में बंद आजम खान से मिले अखिलेश यादव, रामपुर सीट को लेकर हुई चर्चा



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की सीतापुर जेल में बंद पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के साथ कई मामले में जेल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव ने आजम खान के साथ रामपुर लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार की पसंद पर चर्चा की है, जिसे आजम खान का गढ़ माना जाता है। सपा प्रमुख के साथ राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता और पार्टी प्रवक्ता आनंद भदौरिया सहित पार्टी के अन्य नेता भी थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार पार्टी के आजम खान और उनके परिवार के साथ अन्याय कर रही है। सीतापुर जिला जेल में खान से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 卐यह पूरी तरह से अमानवीय है लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खान को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदल जायेगा। समय सदैव बहुत शक्तिशाली होता है। आजम खान को न्याय मिलेगा।卐 उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, 卐बीजेपी ने आजम खान के खिलाफ झूठे मामलों का रिकॉर्ड बनाया है लेकिन अंत में हमेशा सच्चाई की जीत होती है।卐

भाजपा को उसके 'भ्रष्ट आचरण' पर आड़े हाथों लेते हुए यादव ने कहा, 卐भाजपा की सच्चाई चुनावी बांड के माध्यम से सामने आ गई है।卐 उन्होंने कहा कि अब पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएंगे। जनता मतदान की तारीखों का इंतजार कर रही है। भाजपा सरकार मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है लेकिन चुनावी बांड से उनकी सच्चाई सामने आ गई है। अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनावी बॉण्ड को लेकर हुए खुलासे से घबराई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा चाहे जितने नेताओं को जेल भेज दे, लेकिन जनता को जेल नहीं भेज सकती जो आगामी लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखायेगी।

# 4 साल बाद भी अधूरा पंचायत




## पंचायत भवनों का 4 वर्षों में भी पूरा नहीं हो सका निर्माण, अफसर बने हैं अनजान
## गोहानी गांव में पंचायत भवन का निर्माण कार्य अधूरा, ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है लाभ
## सचिव और ग्राम प्रधान के कागजों में पंचायत भवन का संचालन।

कानपुर देहात। जिला प्रशासन लगातार बैठक कर ग्राम सचिवों को लगातार निर्देश भी दे रहा है लेकिन राजपुर विकासखंड में सरकारी आदेशों का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कई ग्राम पंचायत में अधूरे पंचायत भवन इसकी पोल खोल रहे हैं। कागजों में पंचायत भवन का संचालन होता नजर आ रहा है। अधूरे पंचायत भवन में ग्रामीण बांध रहे हैं बकरियां ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अफसर बने अनजान। इससे प्रदेश सरकार की गावों में पंचायत भवन निर्माण कार्य कराकर ग्राम सचिवालय के रूप में संचालित करने की मंशा फेल साबित हो रही है। पंचायत सहायक के बैठने का स्थान न होने इसकी वजह से ग्रामीणों के आय जाति निवास प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहे हैं। सरकार गांव में एक छत के नीचे गांव को अन्य सरकारी योजनाएं को लाभ देना चाहती है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व मनमानी के कारण 4 वर्ष बीतने के बावजूद राजपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोहानी में अधूरे पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। स्वराज इंडिया के संवादाता जब गांव पहुंचे तब गांव के ग्रामीणों ने नाम न छपने की शर्त से अपनी समस्या बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों को अधूरे पंचायत भवन निर्माण की शिकायत भी की गई है लेकिन ब्लॉक के एडीओ पंचायत सिर्फ कुर्सी पर बैठकर ही अधूरे पंचायत भवन का संचालन दिखा रहे हैं।

## 2010 से पहले नियुक्त

# बेसिक शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

- पदोन्नति के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य नहीं
- अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को ही टीईटी से छूट बाकी सभी को प्रमोशन के लिए पास करनी होगी टीईटी परीक्षा



बीपीएस न्यूज

लखनऊ/कानपुर। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुए टीचरों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नत करने के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य नहीं है।




इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुए अध्यापकों को जूनियर स्कूलों में प्रोन्नत करने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट के इस निर्णय के बाद प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त उन सहायक अध्यापकों की उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है

जिनकी नियुक्ति 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने शिवकुमार पांडेय व दर्जनों अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों ने यह कहते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी कि राज्य सरकार ने उनकी प्राथमिक विद्यालयों से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति इस आधार पर रोक दी है कि वे सीनियर टीईटी उत्तीर्ण नहीं हैं जबकि ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार और एनसीटीई से जवाब तलब किया था।

एनसीटीई की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया की 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना के क्लाज चार में स्पष्ट है कि इस अधिसूचना के जारी होने से पूर्व नियुक्त अध्यापकों को न्यूनतम अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में एनसीटीई ने सहायक अध्यापकों के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति प्राप्त करने के लिए सीनियर टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है लेकिन यह आदेश अधिसूचना जारी होने की तिथि के बाद से प्रभावी माना जाएगा।

इस स्थिति में अधिसूचना जारी होने की तिथि से पूर्व नियुक्त अध्यापकों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। एनसीटीई की ओर से स्थिति स्पष्ट करने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है जबकि उसके बाद नियुक्त सहायक अध्यापकों को प्रोन्नति देने से पूर्व यह देखा जाए कि वे टीईटी उत्तीर्ण हैं या नहीं। कोर्ट ने प्रोन्नति की प्रक्रिया छह माह में पूरा करने का निर्देश दिया है।

# नगर निगम एन्क्लेव योजना की ग्रीन बेल्ट में प्लॉटिंग

## अधिकारियों ने लिया जायजा...काम रुकवाया, जांच शुरू

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में नगर निगम एन्क्लेव आवासीय योजना की ग्रीनबेल्ट में अवैध प्लॉटिंग की शिकायत हुई थी। इस पर बुधवार को नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम जांच करने पहुंची। क्षेत्र के लोगों ने 1.618 हेक्टेयर जमीन पर कब्जे का आरोप लगा निर्माण रोकने की मांग की। वहीं, कानूनगो विवादित स्थल की जांच किए बिना ही लौट गए। इसके बाद में नगर निगम के अधिकारियों ने जांच करने की बात कहते हुए कार्य बंद कराकर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी। नगर निगम ने पनकी कल्याणपुर रोड के पास ग्राम मोहसिनपुर में 2003 में नगर निगम एन्क्लेव आवासीय योजना विकसित की थी।

योजना समिति के महामंत्री संजीव मिश्रा ने बताया कि ले-आउट में ग्रीनबेल्ट वाली जगह को एक व्यक्ति ने अपनी बता प्लॉटिंग कर दी। निर्माण का विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। इस पर चार फरवरी व 14 मार्च को महापौर, नगर आयुक्त और डीएम से शिकायत की थी।

### जांच के लिए अधिकारियों की संयुक्त कमेटी गठित की

डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त (प्रथम) ने जांच के लिए तहसील और नगर निगम संपत्ति विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कमेटी गठित की। बुधवार को नगर निगम जोन-छह के जोनल अधिकारी राजेश गुप्ता, उद्यान अधीक्षक वीके सिंह, संपत्ति विभाग के कर अधीक्षक रवींद्र कुमार, कानूनगो आलोक द्विवेदी आदि नगर निगम प्रवर्तन दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

### टीम ने कार्य बंद कराकर नापजोख की

कमेटी में शामिल कानूनगो आलोक द्विवेदी सड़क से योजना के पास तक नाप कर लौटने लगे, तो नगर निगम अधिकारियों ने विवादित स्थल की भी जांच करने को कहा, पर वे यह कह कर लौट गए कि अधिकारियों ने उनसे उतनी ही नापजोख करने को कहा था। तब नगर निगम की टीम ने कार्य बंद कराकर नापजोख की।जोन छह के जोनल अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि जांच की जा रही है। संपत्ति विभाग के कर अधीक्षक रवींद्र कुमार ने बताया कि नगर निगम की टीम ने मौके पर लोगों को कार्य नहीं कराने की चेतावनी दी है। पुनः निर्माण पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। योजना का ले-आउट निकलवाया जा रहा है। जांच रिपोर्ट अपर नगर आयुक्त को दी जाएगी।




# निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों की प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड होगी रिपोर्ट

बीपीएस न्यूज

कानपुर। निरीक्षण के दौरान स्कूलों से गैर हाजिर रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध बीएसए ने क्या कार्यवाही की है यह रिपोर्ट अब प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजा है।

महानिदेशक का पत्र मिलने के बाद विभाग में हड़कम्प है। जिले के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की समय-समय पर जांच कर अनुपस्थित मिलने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही करने का निर्देश शासन ने जारी कर रखा है। इस क्रम में बीएसए रिद्धी पाण्डेय समेत जिले के 10 बीआरसी में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहा हैं। जांच के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है इसे जानने के लिए शासन संजीदा दिख रहा है। मामले में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि दिसम्बर 2023 से 15 मार्च 2024 तक अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही को प्रेरणा पोर्टल पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें। आदेश में चेतावनी दी है कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। महानिदेशक का फरमान मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही को पोर्टल पर अपलोड करना शुरू कर दिया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि तीन माह दिसंबर, जनवरी एवं फरवरी में 156 शिक्षक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए हैं। सभी शिक्षकों पर कार्यवाही कर दी गई है। पोर्टल पर सत प्रतिशत डाटा अपलोड कराया जा रहा है।



# आदर्श आचार संहिता को मुंह चिढ़ा रहे पोस्टर

## मलासा और देवीपुर सीएचसी के सामने बिजली के खंभे में लगे हैं कटआउट

**बोले जिम्मेदार अधिकारी...**
इस बावत है खंड विकास अधिकारी मलासा संजू सिंह ने बताया है कि जानकारी नहीं है। अभी जानकारी करके उसको हटवाया जाएगा।

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार सामग्री प्रतिबंधित कर दी गई है, लेकिन भोगनीपुर क्षेत्र के गांवो में कई जगहों पर दीवारों और होर्डिंग से आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। इन्हें हटवाने के प्रबंध नहीं कराए गए हैं।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों के संभावित प्रत्याशियों द्वारा दीवारों से लेकर हर एक सार्वजनिक स्थान पर अपना प्रचार कराया गया था। कहीं होर्डिंग, झंडे और बैनर लटकाए गए थे तो कहीं वाल पेंटिग के जरिए वोट अपील की गई थी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने मुख्य रास्तों पर लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को हटवा दिया था। बावजूद इसके अभी भी कई स्थान ऐसे हैं, जहां से आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

मलासा और देवीपुर सीएचसी के सामने बिजली के खंभे में लगी हुई है। होल्डिंग और अन्य स्थानों पर एक राजनीतिक दल के दर्जनों पोस्टर चस्पा हैं। रोड पर भी दीवारों पर राजनीतिक दलों का प्रचार-प्रसार नियमों का मखौल बना रहा है।

देवीपुर सीएचसी में अभी लगे हैं राजनेताओं के फोटो






# अरविंद केजरीवाल के समर्थन में हल्ला बोल

- आप नेता आतिशी और सौरभ भारद्वाज सहित कई पदाधिकारी हिरासत में लिए गए
- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल को किया गया है अरेस्ट
- गिरफ्तारी को लेकर विपक्ष एकजुट, मोदी सरकार पर लगाए आरोप





नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल के सरकारी आवास पर करीब 4 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद देर रात ईडी की टीम उन्हें अपने साथ अपने दफ्तर ले गई। शराब घोटाला केस में ईडी द्वारा 16वीं गिरफ्तारी है। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। ईडी आज केजरीवाल को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए उन्हें कस्टडी में देने का अनुरोध करेगी। ईडी इस मामले में अब तक 6 आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है और 128 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। केजरीवाल इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी द्वारा जारी किए गए नौ समन को टाल चुके थे। इनमें नया समन गुरुवार 21 मार्च को जारी किया गया। उन्होंने इन समन को 'अवैध' करार दिया है। इससे पहले 15 मार्च को ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के सिलसिले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी को भी गिरफ्तार किया था। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत पड़ने पर, वह जेल से सरकार चलाएंगे। हालांकि, भाजपा ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की है ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तार के खिलाफ आम आदमी पार्टी रात में ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई।

हालांकि, देर रात इस मामले में कोई स्पेशल सुनवाई नहीं हुई। सूत्रों के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार रात कोई स्पेशल बेंच गठित नहीं की गई थी। इस बीच मीडिया को संबोधित करते हुए दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने बताया, हमने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई है।

कल सुबह सुप्रीम कोर्ट में इस पर सुनवाई होगी। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट लोकतंत्र की रक्षा करेगा दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को ईडी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया गुरुवार दिन में तेजी से बदलते घटनाक्रम में ईडी के एक अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में एजेंसी की 10 सदस्यीय टीम यहां सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास पर पहुंची और तलाशी ली।

मुख्यमंत्री आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने के दो घंटे से अधिक समय बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने गिरफ्तार करने से पहले केजरीवाल से कुछ देर तक पूछताछ की। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान कुछ जब्तियां भी की गईं। ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल के आवास के अंदर कार्रवाई किए जाने के दौरान दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त बलों के अलावा आरएएफ तथा सीआरपीएफ के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया था।

### पुलिस ने आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में लिया

आम आदमी पार्टी आफिस के बाहर और आईटीओ पर प्रदर्शन कर रहे दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी सहित आप कार्यकर्ताओं को पुलिस हिरासत में ले लिया है। आप कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की हिरासत के विरोध में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उसे सभी के लिए एक समान नीति का पालन करना होगा और लोगों को जमानत के लिए सीधे सर्वोच्च अदालत में जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि वे एक राजनीतिक व्यक्ति हैं।

### अरविंद केजरीवाल की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार लेकिन याचिका वापस

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका को आज ही न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए नियुक्त किया। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी द्वारा उनके आवास से उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका का उल्लेख किया।



### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। याचिका में ईडी की तरफ से गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार केजरीवाल की तरफ से कुछ समय के लिए याचिका वापिस ली गई है। इस मामले में केजरीवाल की एक याचिका पर आज निचली अदालत में सुनवाई होनी है। ऐसे में केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी वहां पेश होंगे।

### जस्टिस खन्ना की बेंच में होगी सुनवाई, केजरीवाल के मामले में बोले सीजीआई

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के मामले में सुनवाई जस्टिस खन्ना की बेंच में होगी। इस मामले को सीजेआई चंद्रचूड़ के सामने रखा गया। इस पर सीजेआई ने कहा कि जस्टिस खन्ना की बेंच में जाएं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली बेंच सुनवाई करेगी। केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी पैरवी कर रहे हैं।

# अमौर गांव के 180 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

कानपुर। कानपुर जिले के भीतरगांव विकास खंड के अमौर गांव में होलिका स्थल के करीब बीते वर्षों दीवार निर्माण के बाद पनपे विवाद को सुलझाने में प्रशासन इस वर्ष भी नाकाम रहा। लिहाजा गांव-गांव में होली के दौरान कोई खलल न पड़ने पाए। इसके लिए साढ़ पुलिस ने गांव के 180 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई पाबंद की है इतनी बड़ी संख्या में शांतिभंग कार्रवाई से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। प्रधान का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन ने होलिका स्थल विवाद सुलझाने के बजाय ग्रामीणों को शांतिभंग का भय दिखाकर होली का उत्साह फीका कर दिया। है। साढ़ प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया अमौर गांव में होलिका दहन स्थल को लेकर बीते वर्षों से विवाद है इस वर्ष भी पूर्ववत स्थिती बनी हुई है। इसके चलते शुक्रवार को गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांति सुरक्षा बनाए रखने को लेकर सहयोग की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों से परंपरागत तरीके से उत्साहपूर्वक होली मनाने का भी आग्रह किया। बताया कि होली, रमजान और लोकसभा चुनाव को देखते हुए 180 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई पर पाबंद किया गया है शांति बैठक संपन्न होने के बाद दो दरोगा, सिपाही व होमगार्ड्स ने अमौर गांव की गलियों में घूमकर शांतिभंग में पाबंद किए गए ग्रामीणों की सूची में घर-घर जाकर लोगों से हस्ताक्षर कराकर जानकारी दी।

## 31 मार्च रविवार के दिन भी खुले रहेंगे बैंक

बीपीएस न्यूज

लखनऊ। रविवार के दिन देशभर में सभी बैंक बंद रहते हैं लेकिन इस बार सरकार के अनुरोध के कारण केंद्रीय बैंक ने रविवार को भी बैंकों की सभी ब्रांच को खुली रखने के लिए सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर के अनुसार 31 मार्च 2024 को रविवार होने के कारण सभी बैंक खुले रहेंगे। सरकार के प्राप्तियों और भुगतान से जुड़े लेनदेन को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी सर्कुलर में लिखा है कि बैंकों को यह सलाह दी जाती है कि वे 31 मार्च 2024 रविवार को सरकारी बिजनेस से जुड़ी सभी ब्रांच को खुला रखें। इस दिन सभी बैंक जनता के लिए भी खुले रहेंगे। यानी बैंक सरकारी कामों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी खुले रहेंगे। सामान्य दिनों के जैसे रविवार को भी सभी सुविधाएं पहले के जैसे मिलेगी।

# हड्डी चोट के प्राथमिक उपचार के लिए कारगर है कोल्डथेरेपी

## त्योहारो में कुछ दुर्घटनाएं भी कभी-कभी हो जाती हैं जिस कारण लोगों को चोट आना बहुत आम सी बात होती है

## डॉ जियाउर्रहमान फिजियोथैरेपिस्ट एमपीटी न्यूरोलॉजी ने दी अहम जानकारी



कानपुर देहात। होली का पर्व पूरे देश मे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाये जाना वाला रंगों का पर्व है। जिसमें एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाईयां खिलाकर शुभकामनाएं दी जाती है इस पर्व को पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाया जाता है। लोगों के द्वारा घर में मोहल्ले में होली मिलन समारोह का भी आयोजन होता है।

त्योहारो समारोह में कुछ दुर्घटनाएं भी कभी-कभी हो जाती हैं जिस कारण लोगों को चोट आना बहुत आम सी बात होती है इन चोटों का प्राथमिक उपचार न हो पाने के कारण बड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ जाता है खास तौर पर मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित चोट की बात करें तो अक्सर लोग इसे नजर अंदाज कर देते हैं जिसके परिणाम स्वरूप चोट वाली जगह पर सूजन लाली और मूवमेंट में दिक्कत जैसी समस्या हो जाती है इस तरह की समस्या को रोकने के लिए फिजियोथेरेपी यानी भौतिक चिकित्सा विधि के तहत कोल्ड थेरेपी या क्रायोथेरेपी की सहायता से सूजन दर्द मूवमेंट प्रॉब्लम को रोका जा सकता है इस विधि को प्राथमिक चिकित्सा के रूप में आसानी से अपने घरों पर उपयोग कर चोट को गंभीर स्थिति में जाने से रोक सकते हैं इस विधि की विस्तृत जानकारी के लिए 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ बृजेश सिंह के दिशानिर्देश पर लोगो को फिजियोथेरेपी के लिए जागरूक करने तथा सेहत संबंधी सही जानकारी लोगो तक पहुँचाने के लिए डॉ जियाउर्रहमान फिजियोथैरेपिस्ट एमपीटी न्यूरोलॉजी (भौतिक चिकित्सक )से मिली जानकारी के अनुसार कोल्डथेरेपी या क्रायोथेरेपी उपयोग में लाने वाला सरल और बहुत पुराना तरीका है जो कि आसानी से उपलब्ध हो जाता है जिसमें कम खर्च या बिल्कुल भी खर्च नहीं होता है जिसे आम भाषा में बर्फ की सिकाई कहते हैं इसे इस्तेमाल करने के लिए बर्फ को सूती कपड़े में लपेटकर चोट वाली जगह पर 10 से 15 मिनट तक लगाना या चोट वाली जगह पर आइस पैक आइस स्प्रे इस्तेमाल करा जा सकता है कोल्ड थेरेपी उपयोग से चोट वाली जगह पर तापमान में कमी आती है धमनियों और कोशिकाओं का वहीका संकुचन होता है नर्व कंडक्शन वेलोसिटी कम होती है जिसके फल स्वरुप दर्द और सूजन में राहत महसूस की जा सकती है।



# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्री श्याम



कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया।

हमारे देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।




इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे  तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये।भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया।तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था।

तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था।

जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।

# होली की मस्ती में लोगों का सराबोर हो जाना कहां तक...

बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं।

मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं।

शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्व है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरुआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरुआत कर दी जाती है। शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरुआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यत- होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह-जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। जबकि, शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष और बुआ कपडे और खिलौने होली पर बच्चे को देते हैं।

शेखावाटी अंचल में होली पर कस्वों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है जिसे देखने वाला हर दर्शक रोमांचित हुए बिना नहीं रह पाता है। होली के अवसर पर चलने वाले इन कार्यक्रमों से यहाँ का हर एक व्यक्ति स्वयं में एक नई स्फूर्ति का संचार महसूस करता है।

इन नृत्यों की लोक परम्परा को जीवित रखने के लिए क्षेत्र की कुछ संस्थाएं विगत कुछ समय से विशेष प्रयासरत हैं। झुंझुनू शहर में सद्भाव नामक संस्था गत 18 वर्षों से होली के अवसर पर चंग, गींदड़ कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है, जिसे देखने दूर-दराज गाांवों से काफी संख्या में लोग आते हैं। झुंझुनू, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ़ शेखावाटी, मण्डावा, लक्ष्मणगढ़, चूरू, बिसाऊ, लक्ष्मणगढ़ कस्बों का गींदड़ नृत्य पूरे देश में प्रसिद्व है। इसी कारण चंग व गीन्दड़ नृत्य का आयोजन शेखावाटी से बाहर अन्य प्रान्तो में भी होने लगा है। धुलंडी के दिन इन नृत्यों का समापन होता है।

लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते है। आज ये परम्परा धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम सा बना दिया है। कैसेटों की वजह से पर्व की मौलिकता ही समाप्त होने जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।



## बड़ी धूमधाम से मनाया गया निशा अवस्थी का जन्मदिन

कानपुर। पटकापुर, बिरहाना रोड में निशा अवस्थी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।























# मौरंग मंडी व्यापारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, दर बदर भटक रहे मौरंग मंडी के व्यापारी, मची हाय तौबा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दर बदर भटक रहे मौरंग मंडी के व्यापारी मची हाय तौबा जिलाधिकारी कार्यालय पर फरियाद लेकर पहुंचे व्यवस्था के कारण नहीं मिले जिलाधिकारी भागम भाग करके पहुंचे जिलाधिकारी आवास नहीं मिला कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब एक तरफ नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं घर व्यापार बसावाने की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ 10 साल पुरानी मौरंग मंडी जहां छोटे-बड़े व्यापारी व्यापार करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे पल में बसी बसाई मौरंग मंडी उजड़ गई।

अन्नू पंण्डित अध्यक्ष भौंती मौरंग गि?ट्टी व्यापार मण्डल ने बताया कि कानपुर नगर का व्यापारी हूँ। मौरंग सिर्फ दो रास्तों से आती है एक जो बांदा से होते हुये बिनगवां आती है और दूसरी झाँसी हाइवे से होते हुए भौती आती है जिसमें एक मौरंग मंडी से मौरंग की पूर्ती कानपुर जैसे बड़े महानगर में होना सम्भव नहीं है। पहले नौबस्ता मौरंग मंडी होती थी जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में समस्याएं होती थी जिसके निजात हेतु मौरंग मंडी को नौबस्ता से बिनगवां बसाया गया। चूंकि पनकी पड़ाव (न्यू ट्रान्सपोर्ट नगर) में पिछले 10 सालों से मौरंग मंडी बसी हुई है जिससे यातायात समस्या होती है। इसे भी बिनगवां की तर्ज पर भौंती (प्रतापपुर) में स्थानान्तरण करने की कृपा करें जिसके लिए पहले ही तहसीलदार द्वारा दिनांक 24.12.2018 को एक सर्वे एवं नापजोक किया जा चुका है। जिसकी खबर अखबार दिनांक 25.12.2018 को सार्वजनिक रूप प्रसारित की गई थी मौरंग मंडी को इस तरह समाप्त करना अनुचित होगा जिससे मंडी व्यापार कर रहे सभी आढती एवं हजारों मजदूरों, प्राईवेट ट्राली चालक जिनकी रोजी-रोटी इस मंडी पर निर्भर है,सभी समाप्त हो जायेगी ।उत्पीड़न के क्रम में अवगत कराना है कि कभी नगर निगम, के0डी0ए0.पी0डब्लू0डी0. खनिज अधिकारी, आर0टी0ओ0 अधिकारी और लोकल पुलिस आये दिन हम व्यापारियों का तरह-तरह से उत्पीड़न कर रही है। मौरंग मंडी को जल्द से जल्द स्थानान्तरण किया जाये तथा जब तक स्थानान्तरण प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती तब तक इन्हें व्यापार करने की अनुमति प्रदान करें।




## मृत शिक्षक के परिवार को एक करोड़ की सहायता राशि, परिजन को नौकरी और हत्या करने वाले आरक्षी को आजीवन कारावास की सजा हो: कुलदीप यादव




कानपुर। आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश एवं अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच के संयुक्त तत्वाधान में मूल्यांकन केंद्र डीएवी इंटर कॉलेज में प्रदेश महामंत्री आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ कुलदीप यादव के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर में हुई घटना के विरोध में मृत शिक्षक की आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की शोक सभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज को झकझोरने वाली घटनाएं हैं जो शिक्षक एवं कॉपियों के सुरक्षा के लिए आरक्षी गया वही भक्षक बन गया इससे ज्यादा दर्दनाक क्या हो सकता है संगठन ने मांग के की मृत शिक्षक के परिजनों को एक करोड रुपए की सहायता राशि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई जाए शोक सभा को संबोधित करते हुए अटेवा के प्रदेश संगठन मंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जिस आरक्षी ने इस तरह की कुकृत्य घटना की है उसको कठोरता आजीवन कारावास की सजा दी जाए संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील बाजपेई ने इस तरह की घटना पर निंदा व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की है कि इसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर दोषी को सजा दी जाए शोकसभा में सैकड़ो शिक्षक समेत कुलदीप यादव अखिलेश यादव सुनील बाजपेई सचिन गुप्ताअतुल तिवारी,अजय सिंह सुरेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## पोलिंग बूथों के निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने बच्चों के साथ की वार्ता



कानपुर नगर, लोकसभा चुनाव को कुशलता और शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उददेश्य से मतदान हेतु बनने वाले पोलिंग बूथों के क्रम में मंगलवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना ग्वालटोली क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विधालय परमट तथा हडसन मेमोरियल गर्ल्स स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं को परखा गया तथा उपस्थित थाना प्रभारी ग्वालटोली को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त प्राथमिक विधालय परमट पहुंचे जहां बच्चो को पढता देख उन्हे बहुत अच्छा लगा और उन्होने कुछ समय बच्चो के साथ व्यतीत किया। पुलिस आयुक्त ने बच्चों से स्नेह पूर्वक बात करते हुए ब्लैक बोड पर लिखे शब्दों का मिलन पूंछा तो बच्चों ने भी सहजता के साथ जवाब दिया।






## पूर्व मंत्री महेश त्रिवेदी का मनाया गया जन्मदिन

कानपुर। किदवई नगर के विधायक और पूर्व मंत्री महेश त्रिवेदी का जन्मदिन समारोह की धूमधाम से मनाया गया। यह समारोह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग हर जगह उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने उन्हें नेतृत्व, सेवा, और उनके समर्पण के प्रति आभार प्रकट किया !समारोह में कई कार्यक्रमों ने संचालित किए गए, जिनमें सामाजिक, सांस्कृतिक, और धार्मिक गतिविधियाँ शामिल थीं। स्थानीय नेताओं, समाजसेवी गणों,और लोगों ने एकत्र होकर इस अवसर को स्वागत किया और महेश त्रिवेदी को उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दी ।समारोह के दौरान, सनातन मठ मन्दिर रक्षा समिति के सदस्यों ने भगवान राम जी का चित्र महेश त्रिवेदी को भेंट किया। यह संगठन उनके संरक्षक के रूप में उनके साथ स्थिरता और समर्थन का प्रकटीकरण करता है। इस उपहार के साथ, उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई ।इस अवसर पर, समाज में जोश और उत्साह की खास भावना थी। लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर इस खुशी को साझा करते रहे और इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए अपना योगदान दिया। इस उत्सव में सामाजिक एकता की भावना को मजबूत किया गया और सभी ने मिलकर एक साथ खुशियों का उत्सव मनाया।













# कानपुर प्रेस क्लब ने कराया भाटिया होटल में रोजा इफ्तार







कानपुर। कानपुर प्रेस क्लब द्वारा भाटिया होटल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पत्रकारों ने रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत की।शहर काजी आलम रजा नूरी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद अल्लाह से देश के लिए अमन चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी। प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस वाजपेई ने इस मौके को गंगा जमुनी तहजीब और कानपुर के भाईचारे का प्रतीक बताया।

उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्षों से रोजा इफ्तार का आयोजन कराया जा रहा है। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 तारीख दिन शनिवार को होली गंगा मेला पर्व पर सरसैया घाट में कानपुर प्रेस क्लब अपना कैंप लगाएगा अत: हम आप सभी लोगों को कैंप में आने के लिए आमंत्रित करते हैं, इसलिए आप लोग कैंप में जरूर आएं।



## वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन, एमएलए नीलिमा कटियार तथा राज बहादुर सिंह चंदेल ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

कानपुर नगर, राजीव नगर, विनायकपुर स्थित श्री विनायक स्कूल का विर्षिकोत्सव बडी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमपी सत्यदेव पचौरी, देवेन्द्र सिंह भोले, एमएलए राज बहादुर सिंह चंदेल व एमएलए नीलिमा कटियार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सभी बच्चों का उत्साहवर्द्धर्न किया गया। एमएलए निलिमा कटियार ने कहा कि बच्चों को स्कूल में शिक्षा ही नही मिलती अपितु आचरण भी मिलता है। विधालय ही है जहां बच्चों के भविष्य को संवारा जाता है। वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा जो भी प्रस्तुति दी गयी है वह सराहनीय है। पढाई के साथ ही खेल और मनोरजंन भी आवश्यक है। उन्होने बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए बच्चों को अपना आर्शीवाद प्रदान किया। बच्चों द्वारा नृत्य, गायन आदि का प्रस्तुति करण किया गया साथ ही स्वच्छ भारत नाटिया ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह परमार, पूर्व सिंह परमार, ज्योति सिंह, पूनम सिंह, कृतिका परमार, संयोजक नीरज सिंह रजावत, दिनेश बाबा, अंशिका सिंह, पिंकी परमार आदि उपस्थित रहीं।

## बच्चो को चित्रगुप्त की पूजा कर शुरु करना चाहिए दिन की शुरुआत: सचिदानंद



कानपुर। गोविंद नगर स्थित चित्रगुप्त धर्मशाले में कानपुर की पहली चित्रगुप्त कथा का आयोजन हुआ वृंदावन से आये कथा वाचक स्वामी सचिदानंद महाराज ने बताया कि वृंदावन में 15 एकड़ भूमि में भारत की प्रथम पीठ का निर्माण हो रहा है जिसमे गुरुकुल धर्मशाला मंदिर आदि होगा कथा वाचक ने कथा करते हुए बताया कि चित्रगुप्त ब्रह्मा जी की सम्पूर्ण काया से निर्मित है इस लिए वह भगवान घर घर पूजनीय है ।

इसी कड़ी में आयोजक अभिषेक श्रीवास्तव सह प्रान्त प्रमुख श्री चित्रगुप्त पीठ ने बताया कि का कानपुर में पहली बार ये कथा की जा रही है और इस कथा में सनातन के सभी रूप है ये एक धार्मिक यज्ञ है संयोजक राजन सक्सेना ने बताया कि हर घर चित्रगुप्त हर मन चित्रगुप्त के साथ घर घर हम गए कथा में सैकड़ो की संख्या में सभी वर्ग के लोगो ने कथा सुनी और भंडारे का प्रसाद पाया होली को देखते हुए फूलों की होली में सभी ने राधे कृष्ण के साथ भक्ति मय हो नृत्य किया इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पंकज श्रीवास्तव आनंद पांडेय सुमित श्रीवास्तव वैभव कटियार प्रखर श्रीवास्तव अमन प्रधान हर्षित श्रीवास्तव हिमांशु निगम गौरव श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व संध्या पर मनाया शहीदे आजम भगत सिंह का शहीद दिवस



कानपुर। कानपुर कोर्ट स्थित संस्था कार्यालय में सर्व प्रथम संघर्ष समित संयोजक पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसियेशन ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुवे कहा कि मातृभूमि के प्रति प्रेम को खासतौर पर युवाओं तक पहुंचाने के लिए भगत सिंह ने बलिदान दिया था इंकलाब का अर्थ हिंसा से नहीं लगाना चाहिए यह भगत सिंह के दर्शन का प्रतीक है जिन मूल्यों और सिद्धांतो के लिए शहीदे आजम ने बलिदान दिया वो आज भी प्रासांगिक है। देश की आजादी के लिए कम उम्र में हंसते हंसते फांसी पर झूल गए उनके इस बलिदान को देश कभी नही भूल सकता ।सम्पूर्ण विश्व में मातृभूमि के लिए कुर्बान होने वालों में भगत सिंह का बलिदान अतुलनीय है। उन्हे शाहीद का दर्जा न दिया जाना देश के शहीदों का अपमान है। सभी ने चित्र पर पुष्प चढ़ाये और शहीदे आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नारा लगाया कि

**शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले।**
**वतन पर मरने वालो का यही बाकी निशा होगा।**

प्रमुख रूप से देवेंद्र ढंग उपाध्यक्ष सेल्स टैक्स बार हर्ष वर्मा उपाध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन अरविंद दीक्षित संजीव कपूर राजेंद्र गुप्ता सत्यम शुक्ला अखिलेश कुमार अतुल सिंह जगत सिंह विवेक मिश्र श्रवण निषाद विवेक हिंदू आशीष गुप्ता बी के दास पंकज दीक्षित राजुल श्रीवास्तव नूर आलम यशदीप पांडे इंद्रेश मिश्रा प्रियम जोशी के के यादव आदि रहे।

## दिव्यांगो का वोटर लिस्ट में नाम न बढा तो होगा चुनाव का बहिष्कार

### सभी दिव्यांगजन को मिले वोट डालने का अधिकार

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने कानपुर नगर में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 26468 बताने पर 18 मार्च को अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। जिस सम्बन्ध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी शिकायत प्रकोष्ठ को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की शिकायत का निराकरण कराने के निर्देश दिया है 7राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि दिव्यांगजनो को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश हो रही है। सभी दिव्यांगजन को वोट डालने का अधिकार नही मिला तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा। ज्ञात हो कि 2011 की जनगणना में दिव्यांगजन की संख्या 116292 दर्ज है जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी ने 26468 दिव्यांगजन को मतदाता घोषित किया है। ये दिव्यांगजन को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से वंचित करने की साजिश है। इस सम्बन्ध में आज एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे चुनाव का बहिष्कार, वोटर लिस्ट फूंकने का निर्णय लिया गया ।आज कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, धीरेन्द्र केशरवानी, आशीष कुमार, वीरेन्द्र अवस्थी, अनिल श्रीवास्तव आदि शामिल थे।




# घाटमपुर में शराब सेल्समैन की हत्या

**परिजनों ने कैंटीन संचालक दो युवकों पर लगाए आरोप**

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शुक्रवार की सुबह गेहूं के खेतों में युवक की लाश देखकर हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पडताल शुरू की है। हत्या वजह आपसी विवाद बताया गया है ।घाटमपुर कोतवाली के जलाला गांव से करीब 600 मीटर दूर गेहूं के खेतों में शराब सेल्मैन आनंद सिंह का शव पाया गया। वह पास ही स्थित श्रीनगर गांव में अंग्रेजी शराब ठेके में सेल्समैन था। मृतक के भाई अखिलेश सिंह उर्फ नारायन ने बताया कि रात में कल 9.30 बजे पत्नी से बात भी हुई थी। इसके बाद फोन रिसीव नहीं हुआ तो उन लोगों ने ढूंढना शुरू किया।



मोबाइल घटनास्थल पर ही पडा पाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके भाई की हत्या विपिन और बीरू नाम के कैंटीन संचालकों ने की है क्यों कि दो दिन पूर्व दोनों से विवाद हुआ था। भाई, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पडताल कर रही है।

## मंडी समिति परिसर के खरपतवार में लगी आग

रूरा। मंडी समिति परिसर में उगे खरपतवार की साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया। इधर किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी तो आग लग गई। नजदीक वेयर हाउस में बाजरा खेप रखी होने पर कर्मियों में खलबली मच गई। सबमर्सिबल पंप चलाकर लोगों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत कर आग काबू की। इसके बाद रास्ते से फायर टैंकर लेकर दमकल कर्मी वापस हो गए ।मंडी समिति परिसर में पीछे की तरफ मंडी का गोदाम है। यहां भंडार निगम का गोदाम भी है। बाउंड्री की दूसरी तरफ कोल्ड स्टोर है। वेयरहाउस व गोदाम में किसानों से सरकारी खरीद का बाजरा रखा गया है। गुरुवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे परिसर में उगे खरपतवार में आग लग गई। लपटें व धुआं उठने पर परिसर में रहने वाले कर्मियों में खलबली मच गई। सुरक्षा गार्ड सुरेंद्र यादव, वेयर हाउस मैनेजर दिनेश कुमार आदि पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास कर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में थाना प्रभारी एसएन सिंह व चौकी इंचार्ज राकेश कुमार पुलिस बल लेकर पहुंच गए। इधर लोगों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर आग को काबू करना शुरू किया। पुलिस ने वॉकी टॉकी सेट के 6.38 बजे दमकल को सूचना दी।







## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर पर लगी गोली, साथी हुआ फरार

कानपुर नगर, थाना क्षेत्र नौबस्ता बम्बा पर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड हो गयी। पुलिस की कार्यवाही के दौरान एक बदमाश के पैर पर गोली लगी जिससे वह घायल होकर गिरपडा तो अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश का दूसरा साथी मौके से भागने में सफल हो गया।जानकारी के अनुसार थाना नौबस्ता क्षेत्र के बंबा रोड पर पुलिस द्वारा रात्रि में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाईसवार दो लोगो पर शंक होने के कारण पूंछतांछ के लिए रोकने की जब कोशिश की गयी तो बदमाशों द्वारा पुलिस पर तमंचे से फायरिंग कर दी गयी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर पर गोली लग गयी, जिससे वह वही गिर गया।





कानपुर। बाबूपुर्वा क्षेत्र में होलिका दहन करते क्षेत्र के निवासी। होलिका दहन के साथ लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगायी और गले लग कर होली पर्व की बधाई दी। वही कुछ लोग डीजे की धुन पर डांस करते दिखाई दिए होलिका दहन के साथ लोगों ने एक दूसरे को दी होली की बधाई

## लीला जनकल्याण समिति के द्वारा बच्चों को वितरित की गई होली पर्व की सामग्री

बीपीएस न्यूज

कानपुर। लीला जन कल्याण समिति के द्वारा होली पर्व पर जरूरतमंद बच्चों को अबीर गुलाल रंग पिचकारी आदि का वितरण किया गया रंग गुलाल पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए लीला



जनकल्याण समिति की सचिव शिल्पी सिंघानिया ने बताया कि विगत कई वर्षों से समिति के द्वारा निरंतर नगर के विभिन्न बस्तियों में समय-समय पर खाद्य एवं पाठ सामग्री वितरित की जाती है संस्था के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में करीब 200 बच्चों के बीच पिचकारी सहित अन्य सामग्री वितरित की गई कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव शिल्पी सिंघानिया ने क्षेत्रीय सदस्यों को सेवा का संकल्प दिलाया श्रीमती सिंघानिया ने बताया कि होली का पर्व छोटे बच्चों के लिए उत्साह एवं उमंग का विषय सदैव से रहा है कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाकर सामूहिक राष्ट्गान गाया। इस मौके पर अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर समय-समय पर हर आम जनमानस के द्वारा आयोजित किए जाने चाहिए जिससे जरूरतमंद बच्चों को भी खुशियों में शामिल किया जा सके इस मौके पर मुख्य रूप से सचिव शिल्पी सिंघानिया कोषाध्यक्ष मिनी गुप्ता सुमन गुप्ता रितु गुप्ता श्रद्धा गुप्ता अखिलेश गुप्ता मनीष गुप्ता सोनू शुक्ला अंजलि अपर्णा सहित काफी संख्या में समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।
















बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।